तापमान
अधिकतम 37 डिग्री
न्यूनतम 26 डिग्री

हरिभूमि
# कोरिया भूमि

बिलासपुर, सोमवार 8 जून 2026

[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]

4 पुलिया के क्षतिग्रस्त होने से बढ़ी ग्रामीणों की परेशानी, बरसात में पुलिया के बहने का खतरा



## खबर संक्षेप

### 5 दिनों से लापता युवक का शव कुएं में मिला

**बिश्रामपुर।** करंजी पुलिस चौकी क्षेत्र के केनापारा-बहरापारा में शुक्रवार दोपहर करीब 35 वर्षीय युवक का शव एक कुएं से बरामद किया गया। शव काफी सड़ी-गली अवस्था में मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव का पोस्टमार्टम कराया और परिजनों को सौंप दिया। पुलिस के अनुसार रामकुमार राजवाड़े ने सूचना दी कि केनापारा स्थित उनके खेत के कुएं में एक युवक का शव मुंह के बल पड़ा दिखाई दे रहा है। सूचना पर करंजी पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से शव को कुएं से बाहर निकलवाया। शव काफी दिनों पुराना होने के कारण पूरी तरह सड़ चुका था। मौके पर चिकित्सक को बुलाकर पंचनामा कार्रवाई के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया गया। पहचान के लिए आसपास के लोगों और परिजन को बुलाया गया, जिसके बाद मृतक की पहचान जयप्रकाश राजवाड़े, निवासी ग्राम खोपा के रूप में हुई। पुलिस ने बताया कि जयप्रकाश राजवाड़े शराब सेवन का आदी था और कुछ समय से अपनी विधवा बहन के घर रह रहा था, वह करीब पंद्रह दिनों से लापता था। पुलिस ने शव की शिनाख्त और पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी करने के बाद शव को परिजन को सौंप दिया है। करंजी पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

### ससुराल आए युवक पर किया गड़ासे से हमला

**बिहारपुर।** ग्राम कछवारी अपने ससुराल आए दमोह निवासी युवक पर गांव के युवकों ने लाठी-डंडे एवं गड़ासे से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया है। घायल की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध मामला पंजीबद्ध किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार को दमोह निवासी शिवमंगल गोड़ अपने ससुराल ग्राम कछवारी आया था। उसने परिवार के सदस्यों एवं गांव के कुछ युवकों के साथ खाना खाया। भोजन उपरांत युवकों के कहने पर वह उन्हें उनके घर छोड़ने गया था। इस दौरान किसी बात से नाराज मुन्ना एवं उसके साथियों ने लाठी डंडे व गड़ासे से हमला कर दिया जिससे शिवमंगल गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची 112 की टीम घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गई जहां उसका प्राथमिक उपचार किया गया। युवक के सिर सहित शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई है। युवक का एमएलसी कराने के बाद पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध मामला पंजीबद्ध किया है।

डीपाडीह मुख्य मार्ग पर डिवाइडर से टकराई बाइक, शिक्षक की मौत

**शंकरगढ़।** ग्राम डीपाडीह मुख्य मार्ग पर बाइक सवार शिक्षक अनियंत्रित हो डिवाइडर से टकरा गया। बाइक की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार शिक्षक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत बचवार निवासी शिक्षक सुरेश कोरवा बीती रात बाइक क्रमांक सीजी 30 जी 9802 से घर डीपाडीह आ रहा था। जैसे ही बाइक सवार डीपाडीह के समीप मुख्य मार्ग पर पहुंचा तभी सड़क किनारे डिवाइडर से टकरा गया। बाइक की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि शिक्षक के सिर में गंभीर चोट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

### किशोर को चालक ने कुचला, मौत

**बिहारपुर।** चांदनी थाना अंतर्गत ग्राम खालबहरा में ट्यूबवेल खनन के दौरान चालक ने बोरवेल ट्रक के नीचे सो रहे किशोर मजदूर को कुचल दिया जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामले में बोरवेल वाहन को जब्त किया है। शुक्रवार को ग्राम खालबहरा में ट्यूबवेल खनन करने सीमावर्ती बैढ़न से बोरवेल वाहन क्रमांक केए01ईई 1554 लेकर चालक एवं कर्मचारी पहुंचे थे तथा मशीन से ट्यूबवेल खनन कर रहे थे। वाहन पर तैनात मजदूरों में ग्राम खदौली, बैढ़न निवासी 13 वर्षीय किशोर वंश बहादुर आ.लाल बहादुर भी शामिल था। दोपहर में कर्मचारी खनन बंद कर भोजन करने के उपरांत छाया में आराम कर रहे थे मजदूर किशोर वंश बहादुर वाहन के नीचे सोया था। इस दौरान अचानक चालक जगा तथा बोरवेल वाहन स्टार्ट कर आगे बढ़ा दिया जिससे नीचे सो रहा किशोर पिछले चक्के के नीचे दब गया तथा घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के परिजन को सूचना दी तथा दुर्घटनाकारी वाहन को जब्त कर उपस्थित चालक व मजदूरों का कथन लिया। सूचना पर पहुंचे मृतक के पिता ने बताया कि बोरवेल वाहन संचालक ने उसकी सहमति के बिना किशोर को हर महीने 12 हजार रूपए देने का लालच देकर काम करवा रहा था। पुलिस अपराध दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

## चरचा कॉलरी के सरकारी आवास चाइना ब्लाक में हादसा

# गैस सिलेंडर की आग में झुलस कर एसईसीएल के डिप्टी मैनेजर की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी

एसईसीएल बैकुंठपुर क्षेत्र के चरचा कॉलरी में बीती रात्रि आगजनी के एक हृदयविदारक घटना में डिप्टी मैनेजर की मौत हो गई।



मृतक केबी नंदन।

- हादसे के कारणों की जांच में जुटी फारेंसिक और चरचा पुलिस

घटना इतनी भयावह थी कि धमाके और आग की तेज लपटों की आवाज सुनकर पूरी कॉलोनी सहम गई और देखते ही देखते घटनास्थल पर लोगों की भारी भीड़ जुट गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार के चरचा में डिप्टी मैनेजर पद पर पदस्थ कुमार भारती नंदन चाइना ब्लॉक स्थित विभागीय आवास क्रमांक सी-25 में निवासरत थे। उनकी पत्नी और छोटा पुत्र बिहार के गया स्थित गृहग्राम गए हुए थे, जबकि घर में केवल वे और उनका बड़ा पुत्र मौजूद रहे। शनिवार रात लगभग 9:30 बजे उनका पुत्र घर के बाहर था। इसी दौरान घर के भीतर से अचानक आग की लपटें उठीं और जोरदार धमाका हुआ। घबराया पुत्र चिल्लाते हुए लोगों को बताने लगा कि उसके पिता घर के अंदर फंसे हुए हैं। धमाके की आवाज सुनकर आसपास रहने वाले अधिकारी तत्काल अपने घरों से बाहर निकले। जीएम गुप्ता, निलेश अवधिया, धीरेन्द्र सिंह, मदन गोपाल, जेपी सोनी, अतुल चिंचोलकर सहित कई अधिकारी और कर्मचारी मौके पर पहुंचे। खिड़की से देखने पर रसोईघर में भीषण आग दिखाई दी, जिसकी चपेट में केबी नंदन थे। सूचना मिलते ही एसईसीएल की रेस्क्यू टीम, फायर ब्रिगेड और नगर सेना को बुलाया गया। मुख्य दरवाजा अंदर से बंद होने के कारण बचाव कार्य में भारी कठिनाई आई। काफी मशक्कत के बाद दरवाजा तोड़ा गया। अंदर पहुंचने पर रसोई का दरवाजा भी भीतर से बंद मिला, जिसे भी तोड़कर टीम अंदर पहुंची, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। आग की भयावहता के बीच केबी नंदन गंभीर रूप से झुलस चुके थे, उन्हें तत्काल क्षेत्रीय चिकित्सालय चरचा पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। घटना की खबर फैलते ही पूरे कॉलरी क्षेत्र में शोक और सनसनी का माहौल बन गया। काफी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी और स्थानीय नागरिक अस्पताल पहुंच गए।

चरचा माइंस के क्षेत्रीय प्रबंधक संजय कुमार सिंह ने भी अस्पताल पहुंचकर शोक व्यक्तकिए और आवश्यक निर्देश दिए। घटना की सूचना मिलते ही एसईसीएल बैकुंठपुर क्षेत्र की रेस्क्यू टीम सक्रिय हो गई। रेस्क्यू प्रभारी सुशील कुमार सिंह ने फायर ब्रिगेड को रवाना किया और स्वयं सहयोगी सुनील कुमार वर्गीस के साथ अग्निशमन उपकरण लेकर घटनास्थल पहुंचे। महज 10 मिनट के भीतर टीम मौके पर पहुंच गई। तब तक केबी नंदन को अस्पताल ले जाया जा चुका था, लेकिन घर के भीतर गैस सिलेंडर से आग की ऊंची लपटें निकल रही थीं।

आसपास के परिवार दहशत में थे। ऐसे खतरनाक हालात में भी रेस्क्यू टीम ने साहस का परिचय देते हुए घर के भीतर प्रवेश किया, सिलेंडर में लगी आग बुझाई और अत्यधिक गर्म हो चुके सिलेंडर को बाहर निकालकर संभावित बड़े विस्फोट और जनहानि को टाल दिया। सूत्रों के अनुसार केबी नंदन वर्ष 2014 से चरचा कॉलरी में पदस्थ थे। बताया जाता है कि वे पिछले लगभग तीन वर्षों से अस्वस्थ चल रहे थे और नियमित रूप से ड्यूटी ⏭ शेष पेज 4 पर



चाइना ब्लॉक स्थित सरकारी मकान।



घटनास्थल जहां हुआ हादसा।

### गैस रिसाव और विस्फोट की आशंका

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार विस्फोट और अत्यधिक गर्मी के कारण घर के भीतर लगे सिंथेटिक पर्दे कई स्थानों पर पिघल गए थे। कुछ सोफा कवर जल गए थे, जबकि एक कमरे में रखी पन्नी में पैक साड़ियों का एक हिस्सा पूरी तरह जल चुका था। हालांकि अन्य सामान अपेक्षाकृत सुरक्षित मिला। विशेषज्ञों का अनुमान है कि घर के सभी दरवाजे बंद होने और गैस सिलेंडर से गैस रिसने के कारण पूरा मकान गैस चैंबर में बदल गया था। आग लगने के बाद गैस के संपर्क में आते ही भीषण विस्फोट हुआ, जिससे केबी नंदन गंभीर रूप से झुलस गए।

### जांच के घेरे में कई सवाल

घटना के समय मुख्य दरवाजा और रसोईघर का दरवाजा दोनों अंदर से बंद थे। यह स्थिति कई सवाल खड़े कर रही है। आखिर दोनों दरवाजे अंदर से क्यों बंद थे और आग लगने की वास्तविक वजह क्या थी, इसका जवाब अब पुलिस जांच और फोरेंसिक रिपोर्ट से ही मिल सकेगा।

## 4 चोरी मामले में 3 गिरफ्तार 92 हजार का माल बरामद

### कोर्ट परिसर एवं बैंकों में हुई कॉपर वायर चोरी का खुलासा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कोरिया पुलिस ने कोर्ट परिसर, बैंक एवं शासकीय कार्यालयों में हुई कॉपर वायर चोरी के मामलों का बड़ा खुलासा करते हुए 4 अलग-अलग चोरी प्रकरणों का पदार्फाश किया है। पुलिस ने चोरी की घटनाओं में शामिल 2 आरोपियों, एक अपचारी बालक तथा चोरी का सामान खरीदने वाले कबाड़ियों सहित कुल 5 लोगों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए चोरी गया लगभग 92 हजार रूपए मूल्य का कॉपर पाइप एवं वायर बरामद किया है।







आरोपी।

पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज दीपक कुमार झा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोरिया श्रीमती सुरेशा चौबे एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी राजेश कुमार साहू के निर्देशन में थाना सिटी कोतवाली बैकुंठपुर, थाना चरचा एवं साइबर सेल की संयुक्त टीम गठित कर मामले की जांच की गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 28 मई से 5 जून के मध्य जिला एवं सत्र न्यायालय बैकुंठपुर, साकेत सदन चरचा, छग राज्य ग्रामीण बैंक कार्यालय बैकुंठपुर तथा यूनियन बैंक ऑफ इंडिया शाखा बैकुंठपुर में लगे कुल 18 एसी से कॉपर पाइप चोरी कर लिए गए थे। चोरी गए सामान की कीमत लगभग 92 हजार रूपए बताई गई। मामले में थाना चरचा में अपराध क्रमांक 90/26 एवं 91/26 तथा थाना सिटी कोतवाली बैकुंठपुर में अपराध क्रमांक 178/26 एवं 179/26 दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। घटना के बाद संयुक्त पुलिस टीम ने जिलेभर में लगातार निगरानी रखते हुए संदिग्धों की जांच शुरू की। साइबर सेल की मदद से तकनीकी जांच के दौरान 5 जून की रात गश्त के दौरान देवेन्द्र कुमार रजक उर्फ दीपू निवासी ओड़गी डकईपारा बैकुंठपुर संदिग्ध अवस्था में मिला।



मामले का पर्दाफाश करती पुलिस।

पूछताछ में उसने अपने एक अपचारी साथी के साथ जिला एवं सत्र न्यायालय बैकुंठपुर एवं साकेत सदन चरचा से एसी के कॉपर पाइप चोरी करना स्वीकार किया। वहीं छग राज्य ग्रामीण बैंक एवं यूनियन बैंक शाखा बैकुंठपुर में हुई चोरी की घटना को अकेले अंजाम देना भी कबूल किया। जांच के दौरान पुलिस ने चोरी के कॉपर पाइप खरीदने वाले पटना निवासी नासिर खान एवं जय सिंह के कब्जे से चोरी का सामान जब्त किया। वहीं मोहम्मद गफ्फार के पास से भी एक एसी का कॉपर पाइप बरामद किया गया। ⏭ शेष पेज 4 पर

## जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर आज

**बैकुण्ठपुर।** जिले का अंतिम जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर अब 8 जून को ग्राम पंचायत तरगवां में आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी रोक्तिमा यादव द्वारा जारी आदेश के अनुसार पूर्व निर्धारित 9 जून की तिथि को संशोधित करते हुए शिविर का आयोजन 8 जून को किया जाएगा। शिविर में प्रभारी मंत्री रामविचार नेताम, बैकुंठपुर विधायक भईयालाल राजवाड़े, जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष तथा अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति प्रस्तावित है।

कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं और सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को शिविर स्थल पर पहुंचकर विभागीय स्टॉल स्थापित करने के निर्देश दिए गए हैं। जनपद पंचायत बैकुंठपुर के अंतर्गत आयोजित होने वाले इस शिविर में 20 ग्राम पंचायतों के ग्रामीण शामिल होंगे। शिविर के माध्यम से ग्रामीणों की समस्याओं एवं शिकायतों का मौके पर निराकरण किया जाएगा तथा विभिन्न विभागों द्वारा शासन की योजनाओं और सेवाओं की जानकारी भी दी जाएगी। जिला प्रशासन ने संबंधित ग्राम पंचायतों के नागरिकों से संशोधित तिथि की जानकारी लेते हुए अधिक से अधिक संख्या में शिविर में शामिल होने और अपनी समस्याएं संबंधित विभागों के समक्ष रखने की अपील की है। प्रशासन का कहना है कि शिविर के माध्यम से आमजन को त्वरित एवं प्रभावी समाधान उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा।

### इन गांवों के लोग बता सकेंगे अपनी समस्या

जनपद पंचायत बैकुंठपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत तरगवां में आयोजित होने वाले जन समस्या निवारण शिविर की तिथि में संशोधन किया गया है। जारी आदेश के अनुसार जनपद पंचायत बैकुंठपुर के ग्राम पंचायत तरगवां में आयोजित होने वाले इस शिविर में संबंधित क्लस्टर की ग्राम पंचायतें आनी, उरूमदुगा, भांडी, खांड़ा, जमगहना, महोरा, मुरमा, पूटा, अंगा, शिवपुर, कटकोना, डकईपारा, चंपाझर, जनकपुर, रामपुर-जे, अमहर, तरगवां, कसरा, खोडरी तथा डबरीपारा शामिल रहेंगे।

### जूनापारा तालाब का जल्द बदलेगा स्वरूप

**बैकुण्ठपुर।** कोरिया जिले में मोर गांव मोर पानी महा अभियान आरंभ किए जाने के बाद पूरे जिले में जल संरक्षण और जल संवर्धन के लिए निरंतर कार्य पूर्ण कराए जा रहे हैं। इसी कड़ी में परंपरागत जल स्त्रोतों के पुनरूद्धार के लिए निरंतर कार्य स्वीकृत किए जा रहे हैं। मनरेगा श्रमिकों के माध्यम से नवा तरिया, आजीविका डबरी और कंटूर ट्रेंच जैसी संरचनाएं तेजी से बनाई जा रही हैं। वहीं अन्य योजनाओं से भी जल संरचनाओं को नवीनीकृत किए जाने के लिए ग्राम पंचायतों को प्रशासकीय स्वीकृत प्रदान की जा रही है। बीते अप्रैल माह में ही बचरा पोड़ी क्षेत्र स्थित ग्राम पंचायत सकरिया में पूर्व से बने हुए दो तालाबों में जीर्णोद्धार करते हुए गाद सफाई का कार्य किए जाने के लिए ग्राम पंचायत को पंद्रहवें वित्त मद से प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है। पहला गाद सफाई कार्य ग्राम पंचायत सकरिया में जूनापारा तालाब में और दूसरा कार्य साहू पारा स्थित तालाब में किया जाना है। जनपद पंचायत बैकुंठपुर के सीईओ कि मार्च माह में सामान्य सभा में जनप्रतिनिधियों ने इस कार्य को कराए जाने के लिए प्रस्ताव पारित किया था और अप्रैल माह में ही इन कार्यों को पंद्रहवें वित्त मद की अनबद्ध राशि से स्वीकृत कर दिया गया है। जूनापारा स्थित तालाब में गाद सफाई कार्य के लिए कुल चार लाख रूपए ग्राम पंचायत को स्वीकृत किए गए हैं। जल्द ही यह कार्य पूरा कर लिया जाएगा।

## विद्युत की समस्या दूर करने लगा अधिक क्षमता का ट्रांसफार्मर

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी

नगर पालिका शिवपुर चरचा में पिछले कई दिनों से बनी हुई बिजली समस्या को लेकर नगर पालिका उपाध्यक्ष राजेश सिंह ने सक्रियता दिखाते हुए विद्युत विभाग के अधिकारियों से चर्चा कर अधिक क्षमता वाला ट्रांसफार्मर लगवाया, इससे क्षेत्रवासियों को लगातार हो रही बिजली कटौती से राहत मिलने की उम्मीद है।

- नपा उपाध्यक्ष राजेश ने सक्रियता दिखा अधिकारियों से किया संपर्क

जानकारी के अनुसार सेंट्रल बैंक के सामने स्थापित ट्रांसफार्मर में पिछले लगभग 15 दिनों से तकनीकी समस्या बनी हुई थी। कम क्षमता होने के कारण ट्रांसफार्मर का जम्पर बार-बार उड़ रहा था, जिससे क्षेत्र में घंटों तक बिजली आपूर्ति बाधित रहती थी। स्थानीय नागरिकों द्वारा लगातार शिकायत किए जाने के बाद कुछ दिन पहले ट्रांसफार्मर लगाया गया था, लेकिन उसकी क्षमता पर्याप्त नहीं होने से समस्या जस की तस बनी रही। शनिवार को दोपहर से सीजीबी लाइन बंद होने के कारण क्षेत्र के उपभोक्ताओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। बढ़ती समस्या को देखते हुए नगर पालिका उपाध्यक्ष राजेश सिंह ने मामले को गंभीरता से लेते हुए विद्युत विभाग के अधिकारी केशव चंद्रा से तत्काल संपर्क किया और अधिक क्षमता वाले ट्रांसफार्मर की मांग की। उपाध्यक्ष की पहल पर विद्युत विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उच्च क्षमता का ट्रांसफार्मर लगाने की प्रक्रिया शुरू की। स्थानीय लोगों ने इस पहल का स्वागत करते हुए उम्मीद जताई है कि अब क्षेत्र में बार-बार होने वाली बिजली कटौती की समस्या से स्थायी राहत मिलेगी। क्षेत्रवासियों का कहना है कि समय पर हस्तक्षेप होने से लंबे समय से चली आ रही समस्या का समाधान संभव हो सका है, जिससे आम नागरिकों, दुकानदारों और बैंक उपभोक्ताओं को बड़ी राहत मिलेगी। चरचा में लगातार हो रही बिजली कटौती को लेकर लोगों में नाराजगी बढ़ रही थी। गर्मी के मौसम में बार-बार बिजली गुल होने से घरों के साथ-साथ व्यापारिक प्रतिष्ठानों और बैंकिंग कार्यों पर भी असर पड़ रहा था। सेंट्रल बैंक के सामने लगे ट्रांसफार्मर में तकनीकी खराबी और कम क्षमता के कारण प्रतिदिन जम्पर उड़ने की समस्या सामने आ रही थी, जिससे कई घंटों तक क्षेत्र अंधेरे में डूबा रहता था।

शनिवार को स्थिति तब और गंभीर हो गई जब दोपहर से ही सीजीबी लाइन बंद हो गई। सूचना मिलने पर नगर पालिका शिवपुर चरचा के उपाध्यक्ष राजेश सिंह ने तत्काल विद्युत विभाग के अधिकारियों से संपर्क कर समस्या के शीघ्र समाधान की मांग की। उन्होंने अधिकारियों को बताया कि बार-बार की बिजली कटौती से आम जनता को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है और इसका स्थायी समाधान आवश्यक है। विद्युत विभाग के अधिकारी केशव चंद्रा ने मामले को गंभीरता से लेते हुए विभागीय अमले को मौके पर भेजा। निरीक्षण के बाद पाया गया कि मौजूदा ⏭ शेष पेज 4 पर



### शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी

उपाध्यक्ष राजेश सिंह ने कहा कि नगरवासियों की समस्याओं का समाधान उनकी प्राथमिकता है और भविष्य में भी बिजली, पानी तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने विद्युत विभाग से क्षेत्र में नियमित निगरानी बनाए रखने और ऐसी समस्याओं की पुनरावृत्ति रोकने की भी मांग की।

## विश्व साइकिल दिवस पर शहर में निकली साइकिल रैली

# साइकिल के पहियों पर दौड़ा फिटनेस का संदेश



साइकल चलाते कलेक्टर और प्रभारी एसपी।



शुभारंभ पर उपस्थित लोग।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

खेल एवं युवा कल्याण विभाग रायपुर छग शासन के निर्देशानुसार तथा जिला प्रशासन कोरिया के मार्गदर्शन में विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर खेल एवं युवा कल्याण विभाग कोरिया द्वारा रविवार को बैकुंठपुर में साइक्लिंग एवं जुम्बा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

फिट इंडिया अभियान के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम में कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव, प्रभारी पुलिस अधीक्षक श्रीमती सुरेशा चौबे, खेल विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, पुलिस बल के जवान, स्थानीय खेल संघों के पदाधिकारी, स्कूली छात्र-छात्राएं, बैडमिंटन अकादमी के खिलाड़ी, महिलाएं एवं काफी संख्या में आम नागरिक शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर श्रीमती यादव ने कहा कि साइक्लिंग और नियमित व्यायाम स्वस्थ जीवनशैली की नींव हैं। आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में शारीरिक ⏭ शेष पेज 4 पर

## कलेक्टर ने साइकिल चलाकर दिया स्वस्थ्य जीवन का संदेश

**मनेन्द्रगढ़।** विश्व साइकिल दिवस 2026 के अवसर पर मनेन्द्रगढ़ का सुरभि पार्क फिटनेस, ऊर्जा और पर्यावरण जागरूकता का केन्द्र बन गया। खेल एवं युवा कल्याण विभाग, छग द्वारा आयोजित साइक्लिंग एवं जुम्बा कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, युवाओं और नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर स्वस्थ जीवनशैली और हरित भविष्य का संदेश दिया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी सुश्री संतन देवी जांगड़े ने स्वयं साइकिल चलाकर नागरिकों को नियमित व्यायाम अपनाने के लिए प्रेरित किया। उनके साथ एसडीएम लिंगराज सिदार 18 वीं बटालियन छग सशस्त्र बल के कमांडेंट संजय शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिमा यादव सहित अनेक अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। सुरभि पार्क में आयोजित जुम्बा सत्र ने युवाओं में नई ऊर्जा का संचार किया। संगीत की धुनों पर थिरकते प्रतिभागियों का उत्साह देखते ही बन रहा था। बच्चों से लेकर वरिष्ठ नागरिकों तक सभी ने कार्यक्रम में सक्रिय सहभागिता निभाई और स्वास्थ्य के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस अवसर पर खेल विभाग द्वारा कलेक्टर सुश्री संतन देवी जांगड़े, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती प्रतिमा यादव, कमांडेंट संजय शर्मा, एसडीएम लिंगराज सिदार तथा निर्वाचन पर्यवेक्षक सतीश द्विवेदी को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित ⏭ शेष पेज 4 पर



## खबर संक्षेप

### भफौली के युवाओं को दिया गया 4 शतरंज बोर्ड



**अम्बिकापुर।** ग्राम पंचायत भवन भफौली में गुरूवार को सुसीमा वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा गांव-गांव शतरंज, घर-घर शतरंज अभियान अंतर्गत भफौली शतरंज समिति को चार स्टैंडर्ड शतरंज बोर्ड सेट वितरित किया गया। गांवों में शतरंज को लोकप्रिय बनाने तथा बच्चों, युवाओं में बौद्धिक कौशल, तार्किक क्षमता एकाग्रता एवं निर्णय लेने की क्षमता विकसित करने के उद्देश्य से यह योजना प्रारंभ की गई है। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ शतरंज संघ के संयुक्त सचिव एसके वैष्णव, संभागीय कन्वेनर विश्वनाथ मनियन, फाउंडेशन के अध्यक्ष सुजीत जायसवाल एवं सचिव विश्वास तिवारी ने अपने संबोधन में शतरंज के शैक्षणिक, बौद्धिक एवं व्यक्तित्व विकास संबंधी महत्व पर प्रकाश डाला। इस दौरान मृत्युंजय जायसवाल, प्रीति बाला जायसवाल, संगीता दुबे, विवेक पैकरा, प्रशांत पैकरा आदि उपस्थित थे।

### पीएम सूर्य घर योजना शिविर में 61 पहाड़ी कोरवा परिवारों का हुआ पंजीयन



**शंकरगढ़।** कलेक्टर एवं जिपं सीईओ के मार्गदर्शन में शुक्रवार को ग्राम पंचायत डीपाडीह खुर्द में प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के अंतर्गत विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में क्षेत्र के 61 पहाड़ी कोरवा परिवारों का पंजीयन किया गया, जिससे उन्हें योजना का लाभ प्राप्त हो सके। शिविर के दौरान हितग्राहियों को प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना की जानकारी देते हुए आवेदन एवं पंजीयन की प्रक्रिया पूरी कराई गई। अधिकारियों ने बताया कि इस योजना के माध्यम से पात्र परिवारों को सौर ऊर्जा से जोड़कर बिजली संबंधी सुविधाओं का लाभ उपलब्ध कराया जाएगा। कार्यक्रम में जनपद पंचायत के सीईओ, छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक के शाखा प्रबंधक, विद्युत विभाग के संतोष यादव सहित ग्राम पंचायत जगिमा, डीपाडीह खुर्द, पटना एवं हरगांव के सरपंच और सचिव उपस्थित रहे। सभी ने हितग्राहियों को योजना का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया तथा आवश्यक सहयोग का आश्वासन दिया। शिविर में बड़ी संख्या में क्षेत्र के पहाड़ी कोरवा शामिल हुए और योजना से जुड़ने में रुचि दिखाई।

### बिना प्रक्रिया दैनिक भोगी कर्मचारियों की नियुक्ति, सौंपा ज्ञापन

**दरिमा।** क्षेत्र के बेरोजगार युवकों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंप मां महामाया एयरपोर्ट में भर्ती प्रक्रिया के बिना कलेक्टर दर पर सुपरवाइजर नियुक्त करने का आरोप लगाया है तथा मामले में कार्रवाई करने की मांग की है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि सुपरवाइजर पद पर यूपी के युवक को नियुक्त किया गया है। एयरपोर्ट में 24 कर्मचारियों की कलेक्टर दर पर नियुक्ति की गई है जबकि सुपरवाइजर की नियुक्ति 4 माह पूर्व की गई है। युवकों ने मामले में कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन करने की चेतावनी दी है।

### खरीफ सीजन करीब, खाद-बीज के लिए भटक रहे किसान

**प्रतापपुर।** प्री-मानसून की बारिश के साथ ही खेतों की जोताई प्रारंभ हो गई है दूसरी ओर किसानों के सामने खाद, बीज और डीजल को लेकर गंभीर चिंता बढ़ गई है। किसानों ने छत्तीसगढ़ प्रदेश किसान विकास महासंघ तथा क्षेत्र के किसान प्रतिनिधियों ने सामूहिक रूप से एमडीएम को ज्ञापन सौंपकर किसानों के हित में तत्काल व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है। किसानों का कहना है कि हर वर्ष खरीफ सीजन शुरू होते ही खाद और बीज को लेकर अव्यवस्था की स्थिति निर्मित हो जाती है। सहकारी समितियों में लंबी कतारें लगती है, कई किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद नहीं मिल पाती और निजी दुकानों में मनमाने दाम वसूलने की शिकायतें सामने आती हैं। ऐसे में यदि समय रहते प्रशासन ने तैयारी नहीं की तो हजारों किसानों की खेती प्रभावित हो सकती है। किसानों ने मांग की है कि क्षेत्र के किसानों को उनके रकबे के अनुसार पर्याप्त मात्रा में यूरिया, डीएपी, अन्य उर्वरक और गुणवत्तायुक्त बीज उपलब्ध कराया जाए। साथ ही जिन किसानों का किसान क्रेडिट कार्ड अभी तक नहीं बन पाया है, उनका शीघ्र केसीसी बनाकर उन्हें नगद राशि और खाद उपलब्ध कराया जाए। इसके अलावा किसानों ने खेती-किसानी के लिए आवश्यक डीजल पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराया जाए की मांग की है ताकि जुताई और कृषि कार्य प्रभावित न हों।

### पर्यावरण प्रदूषण की रोकथाम के लिए लगाएं पौधे

अम्बिकापुर। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि द्वारा पर्यावरण दिवस पर प्रकृति परिवर्तन विषय पर विचार गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी में बीके विद्या दीदी ने कहा कह हम सदियों से प्रकृति की गोद में पलते आ रहे हैं। प्रकृति के सानिध्य में ऋषि मुनियों ने आध्यात्मिक चेतना प्राप्त की। आज मनुष्य प्रकृति से दूर हो गया है। तथा प्रकृति का दोहन कर रहा है। पर्यावरण प्रदूषण को रोकने के लिए हम अधिक से अधिक पेड़ लगाएं।

## बैजनपाट के मझारीटोला एवं पूर्वी टोला के ग्रामीण जूझ रहे जल संकट से

# एक साल से सोलर ड्यूअल पंप बंद पानी के लिए दर-दर भटक रहे ग्रामीण



अनुपयोगी पानी टंकी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिहारपुर

**खास बात**
- पम्प सुधारने के लिए अधिकारी पंचायत से मांग रहे पैसा

दूरस्थ चांदनी-बिहारपुर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत बैजनपाट में ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 45 लाख की लागत से स्थापित सोलर पेयजल योजना शो-पीस बनकर रह गया है। पिछले एक साल से योजना के ठप होने के कारण ग्राम खोहिर के मझारी टोला एवं पूर्वी टोलाके ग्रामीण लम्बे समय से जल संकट से जूझ रहे हैं।

ग्राम पंचायत बैजनपाट अंतर्गत ग्राम खोहिर के ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए क्रेडा द्वारा उपका घाट क्षेत्र में सोलरपंप स्थापित करने के साथ ही गांव तक पाइपलाइन विस्तार किया गया था। प्रारंभ में ग्रामीणों को कुछ महीनों तक योजना का लाभ मिला। कुछ महीनों बाद योजना की मोटर खराब होने के साथ ही पानी की आपूर्ति बंद हो गई। इस दौरान ग्रामीणों ने पंप खराब होने की शिकायत भी की लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया तथा स्थिति यथावत बनी रही है। हालत यह है कि गांव के मझारीटोला एवं पूर्वी टोला के ग्रामीणों को पानी के लिए लम्बा सफर करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि योजना का पंप पिछले एक साल से खराब पड़ा है तथा विभाग द्वारा इसे सुधारने की अब तक कोई पहल नहीं की गई है। मजबूरी में ग्रामीण पारंपरिक जलस्त्रोतों का पानी पीने मजबूर है। ग्रामीणों की लगातार शिकायतों के बाद विभाग ने पांच दिन पूर्व ही ड्यूअल पंप के एक मोटर को बदलकर चालू किया है जबकि दूसरा अभी भी बंद है। नई मोटर लगने के बाद गांव के कुछ हिस्सों में पानी की आपूर्ति शुरू हो गई है जबकि मझारी टोला एवं पूर्वी टोला के ग्रामीणों को अभी भी पानी के लिए भटकना पड़ रहा है।

ग्रामीणों के अनुसार क्रेडा के ब्लाक प्रभारी घनश्याम साहू का कहना है कि संबंधित पंप की वारंटी खत्म हो गई है। विभाग के पास पंप बदलने के लिए बजट उपलब्ध नहीं है। ग्राम पंचायत द्वारा 35 हजार रूपए का भुगतान करने पर खराब पंप को बदलने की व्यवस्था की जाएगी।

इसके विपरीत क्रेडा के जिला प्रभारी सुजीत श्रीवास्तव का कहना है कि पंप को चालू करा दिया है पानी की समस्या खत्म हो गई है। ग्रामीण जिला प्रभारी के दावे को झूठा बता रहे हैं। ग्रामीणों ने कलेक्टर से मामले की जांच काराने एवं समस्या का त्वरित निराकरण कराने की मांग की है।

### जल जीवन मिशन की केंद्रीय टीम ने किया ग्राम जुड़वानी में योजना का किया निरीक्षण

**बिश्रामपुर।** जल जीवन मिशन की दिल्ली से आई केंद्रीय टीम के जगजीत सोढ़ी ने जिला सूरजपुर प्रवास के दौरान विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत जुड़वानी में आयोजित विशेष ग्राम सभा में जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत ग्राम में किए गए कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जल परीक्षण तथा चालू जल प्रदाय के संचालन एवं संधारण के साथ-साथ जल कर वसूली के संबंध में ग्रामीणजनों से विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर ग्रामीणों को नियमित जल आपूर्ति की निरंतरता बनाए रखने हेतु जागरूक किया गया। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर इस दौरान पर्यावरण संरक्षण, जलसंवर्धन एवं जलस्रोत सुरक्षा का संकल्प भी लिया गया।






## नए श्रम कानून लागू करने हुई बैठक में यूनियन प्रतिनिधियों ने जताई आपत्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

कोल इंडिया लिमिटेड में नए श्रम कानूनों लेबर कोड्स को लागू करने की दिशा में उठाए जा रहे कदमों पर फिलहाल ब्रेक लग सकता है। दर असल गत दिनों सीआईएल मुख्यालय में आयोजित एपेक्स ज्वाइंट कंसल्टेटिव कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक में विभिन्न केंद्रीय ट्रेड यूनियनों ने एक सुर में प्रबंधन को स्पष्ट संदेश दिया कि लेबर कोड्स को लागू करने में किसी भी प्रकार की जल्दबाजी नहीं की जानी चाहिए।

बैठक में प्रबंधन ने नए लेबर कोड्स के कोल इंडिया और उसकी सहायक कंपनियों पर पड़ने वाले प्रभावों तथा प्रस्तावित कार्ययोजना को यूनियन प्रतिनिधियों के समक्ष रखा। बैठक का उद्देश्य श्रम संहिताओं के क्रियान्वयन से जुड़ी संभावित चुनौतियों, अवसरों और प्रभावों पर व्यापक चर्चा करना था।हालांकि बैठक के दौरान श्रमिक संगठनों ने प्रबंधन के सामने कई महत्वपूर्ण सवाल खड़े कर दिए। एचएमएस, बीएमएस, सीटू तथा एटक के प्रतिनिधियों ने कहा कि लेबर कोड्स का सीधा प्रभाव कई कोयला कामगारों के सेवा नियमों, कार्य परिस्थितियों और श्रमिक अधिकारों पर पड़ सकता है। ऐसे में बिना गहन अध्ययन और व्यापक चर्चा के इसे लागू करना उचित नहीं होगा। यूनियन नेताओं ने जोर देकर कहा कि पहले यह समझना आवश्यक है कि नए श्रम कानूनों का वास्तविक प्रभाव क्या होगा और कोयला क्षेत्र के कर्मचारी इन्हें किस नजरिए से देखते हैं। उनका तर्क था कि यदि बिना पर्याप्त तैयारी और सहमति के लेबर कोड्स लागू कर दिए गए तो श्रमिकों में असंतोष बढ़ सकता है, जिससे औद्योगिक संबंध प्रभावित होंगे और इसका असर देश के कोयला उत्पादन पर भी पड़ सकता है। बैठक में यह भी सुझाव दिया गया कि कोल इंडिया के विभिन्न क्षेत्रों, खदानों और इकाइयों में कार्यरत कर्मचारियों की राय लेने के बाद ही कोई अंतिम निर्णय लिया जाए। यूनियन प्रतिनिधियों ने कहा कि श्रमिकों की भागीदारी और विश्वास के बिना किसी भी बड़े श्रम सुधार को सफलतापूर्वक लागू करना संभव नहीं है। कोयला उद्योग में लेबर कोड्स को लेकर चल रही बहस के बीच हुई यह बैठक इसलिए भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है क्योंकि आने वाले समय में इन नए श्रम कानूनों के लागू होने से भर्ती प्रक्रिया, कार्य घंटे, वेतन संरचना, सामाजिक सुरक्षा और औद्योगिक संबंधों सहित कई व्यवस्थाओं में बदलाव देखने को मिल सकते हैं।

## सीएचसी बिश्रामपुर व जयनगर सहकारी समिति के निरीक्षण में मिली खामियां, एसडीएम ने दिए निर्देश

- अस्पताल में कई जरुरी दवाओं का स्टॉक तीन-चार महीनों से उपलब्ध नहीं, सहकारी समिति में यूरिया खाद का स्टॉक उपलब्ध नहीं

**बिश्रामपुर।** स्वास्थ्य सेवाओं और सहकारी व्यवस्था कार्यों की जमीनी हकीकत परखने शनिवार को सूरजपुर एसडीएम शिवानी जायसवाल ने आकस्मिक निरीक्षण किया। एसडीएम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बिश्रामपुर, जयनगर स्थित आदिम जाति सेवा सहकारी समिति और आयुष्मान आरोग्य निकेतन के आकस्मिक निरीक्षण के दौरान कई महत्वपूर्ण खामियां सामने आईं, जिस पर संबंधित अधिकारियों को तत्काल सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश दिए गए।

निरीक्षण की शुरुआत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बिश्रामपुर से हुई। यहां एसडीएम ने अस्पताल परिसर, वार्डों और अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में साफ-सफाई की स्थिति अपेक्षित स्तर की नहीं मिली, जिस पर उन्होंने अस्पताल प्रबंधन को व्यवस्था सुधारने के निर्देश



दिए।निरीक्षण के दौरान यह भी सामने आया कि अस्पताल की महत्वपूर्ण जीवन दीप समिति की बैठक पिछले एक वर्ष से आयोजित नहीं हुई है,इस पर एसडीएम ने बीएमओ डॉ अमित भगत को शीघ्र बैठक आयोजित कर स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े लंबित मुद्दों का निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अस्पताल में मरीजों को मिलने वाली आवश्यक दवाओं की उपलब्धता की भी समीक्षा की गई,जांच में पाया गया कि कुछ महत्वपूर्ण बीमारियों की जरूरी दवाएं अस्पताल में उपलब्ध नहीं हैं। इस संबंध में अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि संबंधित दवाओं की आपूर्ति पिछले तीन- चार माह से नहीं हो रही है, जिसके कारण यह स्थिति बनी हुई है। दवाओं की कमी की जानकारी मिलने पर एसडीएम ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए उच्च स्तर पर पहल करने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य केन्द्र के बाद एसडीएम ने जयनगर स्थित आदिम जाति सेवा सहकारी समिति पहुंच यहां किसानों को उपलब्ध कराई जा रही खाद एवं अन्य कृषि सामग्रियों की स्थिति की समीक्षा की गई। निरीक्षण के दौरान समिति में यूरिया खाद का स्टॉक उपलब्ध नहीं मिला। इस पर समिति प्रबंधन ने जानकारी दी कि यूरिया की नई खेप एक-दो दिन के भीतर पहुंचने वाली है।

एसडीएम ने किसानों को समय पर खाद उपलब्ध कराने के निर्देश देते हुए रिकॉर्ड का भी अवलोकन कर वितरण व्यवस्था की जानकारी ली। इसके बाद एसडीएम ने जयनगर स्थित आयुष्मान आरोग्य निकेतन का भी आकस्मिक निरीक्षण किया। यहां स्वास्थ्य सेवाओं, मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं तथा उपलब्ध संसाधनों की समीक्षा की गई। निरीक्षण के दौरान आवश्यक व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के लिए संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।



### जुआ खेल रहे शिक्षक व जनपद सदस्य चढ़े पुलिस के हत्थे

**बलरामपुर।** दहेजवार जंगल में हार जीत का दांव लगा रहे दो जुआरियों को पुलिस ने पकड़ा है जबकि अन्य जुआरी अंधेरा का फायदा उठाकर भाग निकले। पुलिस के हत्थे लगे जुआरी में एक शिक्षक व दूसरा जनपद सदस्य हैं। पुलिस ने दोनों जुआरियों के विरूद्ध जुआ एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है। क्षेत्र में गश्त कर रहे पुलिस को मुखबिर से सूचना मिला कि दहेजवार जंगल में बड़ी संख्या में लोग एकत्रित होकर हार जीत का दांव लगा रहे है। सूचना पर पुलिस ने मौके पर दबिश देकर जुआ खेल रहे गांव के ही दीपक गुप्ता आ. श्रवण साव एवं वार्ड क्रमांक 7 निवासी राम प्रसाद आ. केशव को पकड़ा। पुलिस ने फड़ से 52 पत्ती सहित कुल 3 हजार रुपए एवं 3 बाइक जब्त किया वहीं पुलिस के दबिश देने के दौरान जुआ खेल रहे अन्य जुआड़ी अंधेरा का फायदा उठाते हुए भाग निकले। पुलिस ने दोनों जुआरियों के विरूद्ध जुआ एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है। पुलिस ने जंगल में जिन जुआरियों को पकड़ा उसमें राम प्रसाद सोनवानी शिक्षक हैं तथा दीपक गुप्ता जनपद सदस्य हैं। शिक्षक के जुआ खेलते पकड़े जाने पर शिक्षकों तथा जन-प्रतिनिधि जनपद सदस्य दीपक गुप्ता द्वारा जुआ जैसे खेल जंगल में कराने पर जनप्रतिनिधियों ने उनकी कड़ी आलोचना की है।

## राज्य स्तरीय प्रशिक्षण में व्याख्याताओं ने बढ़ाया मान



**चरचा कॉलरी।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर रायपुर स्थित एक होटल में इको क्लब मिशन लाइफ के अंतर्गत आयोजित राज्य स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में कोरिया जिले के चार व्याख्याताओं ने सहभागिता कर जिले का गौरव बढ़ाया। पर्यावरण संरक्षण, सतत विकास एवं हरित जीवनशैली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रदेशभर से शिक्षकों एवं इको क्लब से जुड़े प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छग शासन के पर्यावरण एवं वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने विद्यार्थियों में पर्यावरणीय चेतना विकसित करने में इको क्लब की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए मिशन लाइफ के सिद्धांतों को दैनिक जीवन में अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में संचालित इको क्लब विद्यार्थियों को प्रकृति के प्रति संवेदनशील बनाने के साथ जिम्मेदार नागरिक बनने की दिशा में प्रेरित करते हैं। कोरिया जिले में जिला प्रशासन के मार्गदर्शन तथा जिला शिक्षा अधिकारी विनोद कुमार राय एवं सहायक संचालक जितेन्द्र गुप्ता के निर्देशन में जिले का प्रतिनिधित्व इको क्लब जिला समन्वयक एवं प्रभारी प्राचार्य रविकांत मिश्रा, मास्टर ट्रेनर कमल डडसेना सेजेस चरचा, रामकुमार राजवाड़े शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय चिताझोर पोड़ी तथा महेश शिवहरे शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सारा ने किया।

प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को जल संरक्षण, ऊर्जा संरक्षण, अपशिष्ट प्रबंधन, जैव विविधता संरक्षण तथा पर्यावरण-अनुकूल जीवनशैली जैसे विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा विस्तृत जानकारी दी गई।

## 12 वीं के विद्यार्थियों का किया गया सम्मान

डोमनहिल। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोमनहिल में कक्षा 12 वीं के विद्यार्थियों के सम्मान एवं उच्च शिक्षा के लिए प्रेरणा कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य श्रीमती रजनी सोलोमन के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम में अर्थशास्त्र विषय के व्याख्याता के. प्रफुल्ल रेड्डी द्वारा विद्यार्थियों को कस्टमाइज्ड पेन एवं की-रिंग भेंट कर उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई। व्याख्याता श्री रेड्डी ने कहा कि पेन केवल एक उपहार नहीं, बल्कि ज्ञान, परिश्रम और निरंतर प्रगति का प्रतीक है। उन्होंने विद्यार्थियों को आत्मविश्वास, अनुशासन एवं दृढ़ संकल्प के साथ अपने सपनों को साकार करने का संदेश दिया। उन्होंने बताया कि पिछले तीन वर्षों से यह प्रेरणादायी पेन भेंट कार्यक्रम निरंतर आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में कक्षा 12 वीं की परीक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण विद्यार्थियों को विशेष रूप से सम्मानित करते हुए उनके नाम अंकित आकर्षक की-रिंग भी प्रदान की गई। सम्मान प्राप्त कर विद्यार्थियों के चेहरे खुशी और उत्साह से खिल उठे। इस अवसर पर व्याख्याता श्रीमती अभिलाषा दुबे, श्रीमती रंजना बड़ा, श्रीमती नेहा सिंह, सहायक शिक्षक विवेक वर्मा एवं शिव सिंह उपस्थित रहे। सभी शिक्षकों ने विद्यार्थियों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया।

## चोरी की घटनाओं से नाराज ग्रामीणों ने सड़क पर किया विरोध-प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- सक्रिय हुई लटोरी पुलिस ने किसान के खेतों से चुराए गये दो समरसिबल पंप किये बरामद,नाबालिग समेत तीन आरोपी गिरफ्तार

ग्राम द्वारिकानगर और आसपास के ग्रामीण इलाकों में लगातार हो रही चोरी समेत आपराधिक घटनाओं और असंतुष्ट पुलिस कार्रवाई से गुस्साए ग्रामीणों ने कल्याणपुर-लटोरी मुख्य मार्ग पर चक्काजाम कर विरोध प्रदर्शन किया जिससे कुछ ही समय में सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और आवागमन पूरी तरह ठप हो गया।

नाराज ग्रामीणों के अनुसार पिछले कुछ महीनों से क्षेत्र में मोटरपंप,कृषि उपकरण और अन्य सामानों की चोरी की घटनाएं लगातार हो रही हैं, कई परिवार आर्थिक नुकसान झेल चुके हैं, लटोरी पुलिस की सुस्त कार्यशैली व अपराधियों पर प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से लोगों में भय और असुरक्षा का माहौल बन गया है, इसको लेकर बड़ी संख्या में गुस्साए ग्रामीण सड़क पर उतरकर पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए त्वरित कार्रवाई की मांग करने लगे। चक्काजाम की सूचना मिलते ही प्रशासन और पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। मौके पर एसडीओपी अभिषेक



पुलिस गिरफ्त में आरोपी व जब्त पम्प।



प्रदर्शनकारियों से चर्चा करते पुलिस अधिकारी।

पैकरा, लटोरी तहसीलदार सुरेंद्र पैकरा, जयनगर थाना प्रभारी रूपेश कुंतल एक्का, भटगांव थाना प्रभारी मनोज सिंह, खड़गवां चौकी प्रभारी रघुवंश सिंह तथा लटोरी चौकी प्रभारी अरुण कुमार गुप्ता पुलिस बल के साथ पहुंचे। अधिकारियों ने प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों से चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनीं। ग्रामीणों ने क्षेत्र में पुलिस गश्त बढ़ाने, चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने तथा दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग रखी। अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत की जाएगी और अपराधियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। सख्त कार्रवाई के आश्वासन के बाद ग्रामीणों का गुस्सा शांत हुआ, जिसके कुछ समय बाद ग्रामीणों ने चक्काजाम समाप्त कर दिया और मार्ग पर यातायात सामान्य हो सका। लटोरी पुलिस के अनुसार ग्राम पंचायत द्वारिकानगर निवासी हीराधन राजवाड़े के खेत में लगा मोनो टुल्लू पंप को 7 मई को अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिया था। इसके अलावा गांव के ही शिवकुमार सिंह के तालाब समीप लगभग डेढ़ माह पहले सबमर्सिबल मोटरपंप चोरी हो गया था।सक्रिय हुई लटोरी पुलिस ने दोनों मामलों में जांच के आधार पर ग्राम पंचायत मंजीरा के फुलवारपारा निवासी 19 वर्षीय कृष्णा पण्डो पिता स्व. रामधनी पण्डो तथा उसके एक नाबालिग साथी को हिरासत में लिया गया। पूछताछ के दौरान दोनों ने चोरी की वारदातों में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली।पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर चोरी गए दोनों मोटरपंप बरामद कर लिए। पूछताछ में यह भी खुलासा हुआ कि चोरी का सामान खरीदने वाले दरिमा थाना क्षेत्र के ग्राम रेवापुर निवासी इंदर पण्डो को भी गिरफ्तार कर लिया है, मामले में एक अन्य फरार आरोपी की भी तलाश की जा रही है।

## भाजपा मंडल पदाधिकारी व कार्यकर्ताओ ने एक पेड़ मां के नाम किया पौधारोपण

**बलरामपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर भाजपा मंडल महामंत्री श्रीमती रजनी सोनी के नेतृत्व एक पेड़ मां के नाम पर पौधारोपण किया गया। विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत दहेजवार में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर भाजपा के मंडल महामंत्री श्रीमती रजनी सोनी एवं गुरुदेव सिंह के नेतृत्व में एक पेड़ मां के नाम पर विभिन्न फलदार पौधा रोपण किया गया और बच्चों की तरह उनका संरक्षण करने की शपथ ली। रजनी सोनी ने कहा कि हम भले ही सो जाते हैं लेकिन पेड़ पौधे कभी नहीं सोते हम उनके भले बुरा चाहें लेकिन वह हमारी कभी बुरा नहीं चाहते इसलिए ज्यादा से ज्यादा पौधा रोपण करना चाहिए। आज जिस तेजी से पेड़ काटे जा रहे है उतनी तेजी से पौधे नहीं लगाए जा रहे है जो भविष्य के लिए खतरे की निशानी है। साथ ही लोगों को स्वच्छता के बारे में अपने विचार बताएं और रैली निकाल कर के लोगों को कचरा निपटान की विस्तृत जानकारी दी गई। पौध रोपण के दौरान सरपंच अगस्टिन खाखा, उप सरपंच कविता रवि, उमेश सोनी, सुखराम सोनवानी, गरिमा कुजूर, रुचि पैकरा के अलावा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।





# पेड्डी' विवादः बुची बाबू सना ने मांगी माफी

**हैदराबाद** । राम चरण और जान्हवी कपूर की फिल्म 'पेड्डी' को रिलीज हुए दो दिन हो चुके हैं। इस बीच फिल्म विवादों के घेरे में भी घिर गई है। फिल्म में जान्हवी कपूर के किरदार और कुछ रोमांटिक सीन्स को लेकर जमकर आलोचना हो रही है। ऐसे में फिल्म के डायरेक्टर बुची बाबू सना ने इस विवाद पर सफाई देते हुए माफी मांग ली है। डायरेक्टर ने सोशल मीडिया प्लटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि सिनेमा का काम दर्शकों का मनोरंजन करना, उन्हें प्रेरित करना और उनसे जुड़ना है। इससे किसी को असहज या बेइज्जती महसूस नहीं होनी चाहिए।

लाइफ Style

# शरवरी

## भाषाएं करती हैं मुझे आकर्षित

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड अभिनेत्री शरवरी वाघ इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'मैं वापस आऊंगा' को लेकर चर्चाओं में हैं। इस फिल्म में उन्हें एक ऐसी महिला का किरदार निभाने का मौका मिला, जो उनकी अपनी सांस्कृतिक पृष्ठभूमि से काफी अलग है, जिसके चलते उन्हें नई भाषा और संस्कृति को समझना पड़ा।

शरवरी वाघ ने कहा,'घर में मैं मराठी भाषा बोलती हूं और मेरी परवरिश पूरी तरह मराठी संस्कृति के बीच हुई है। ऐसे में एक पंजाबी महिला का किरदार निभाना मेरे लिए एक नया और दिलचस्प अनुभव था। शरवरी ने कहा, भाषाएं हमेशा से मुझे आकर्षित करती रही हैं। मेरा मानना है कि भारत जैसे देश में कलाकारों के लिए सीखने और समझने के अवसर कभी खत्म नहीं होते। यहां इतनी सारी भाषाएं और संस्कृतियां हैं कि हर नया किरदार किसी नई दुनिया का दरवाजा खोल देता है। एक अभिनेता के लिए सिर्फ डायलॉग बोलना ही काफी नहीं होता, बल्कि उस भाषा की भावना, उसके लहजे और उससे जुड़ी संस्कृति को समझना भी जरूरी होता है। शरवरी ने कहा, भले ही मैं नई भाषाएं सीखने को लेकर उत्साहित रहती हूं, लेकिन मेरी मातृभाषा मराठी आज भी मेरे दिल के सबसे करीब है। जब भी मुझे किसी सीन के लिए भावनात्मक रूप से खुद को तैयार करना होता है या किसी खास एहसास से जुड़ना होता है, तो मैं अक्सर मराठी गाने सुनती हूं। मराठी भाषा के शब्द मेरे दिल को सबसे गहराई से छूते हैं। शरवरी ने कहा, अपनी जड़ों से जुड़ा रहना और साथ ही नई चीजें सीखना, दोनों ही जरूरी हैं।



हॉलीवुड मसाला



# अमीर म्यूजिशियन में हुईं शुमार

**लॉस एंजेलिस।** टेलर स्विफ्ट दुनिया की सबसे अमीर म्यूजिशियन की लिस्ट में शुमार हो गई हैं। फोर्ब्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक, सिंगर की नेटवर्थ 2 अरब डॉलर से अधिक हो गई है। इसी नेटवर्थ के साथ वह संगीत की दुनिया की सबसे अमीर महिला बन गई हैं। उन्हें ये कामयाबी उनके म्यूजिक टूर से हुई जबरदस्त कमाई और अपने गानों की ओनरशिप को वापस लेने के लिए उठाए गए उनके समझदारी भरे कदम से मिली है। इन आंकड़ों के साथ टेलर स्विफ्ट को अरबपति का दर्जा मिल गया है।



# जेनिफर ने तोड़ी अफवाहों पर चुप्पी

**लॉस एंजेलिस।** जेनिफर लोपेज इस वक्त सिंगल हैं। हालांकि, कुछ फैंस ने कयास लगाए हैं कि जेनिफर ने अपनी फिल्म 'ऑफिस रोमांस' के को-स्टार के साथ रियल लाइफ में रोमांस शुरू कर दिया है। हालांकि, इन अफवाहों पर खुद ही चुप्पी तोड़ी है। बता दें कि लोपेज और 45 साल के गोल्डस्टीन इन दिनों नेटफ्लिक्स रोमांटिक कॉमेडी 'ऑफिस रोमांस' में लीड रोल में नजर आ रहे हैं। इसी प्रोजेक्ट को लेकर अपने प्रमोशनल टूर के दौरान कपल की जबरदस्त केमिस्ट्री नजर आई और इसी के साथ उनके रिश्ते को लेकर भी अटकलें लगने लगीं। लोपेज ने अपनी डेटिंग की अफवाहों पर साफ-साफ बात की। उन्होंने कहा, 'ऐसा कभी नहीं होता कि जब मुझे किसी के साथ देखें या किसी के साथ काम करते हुए देखा जाए तो लोग मुझे उस व्यक्ति के साथ न जोड़ें।



# 'बेबी डू डाई डू' का टीजर रिलीज...

**मुंबई।** हुमा कुरैशी की नई फिल्म 'बेबी डू डाई डू' का टीजर रिलीज कर दिया गया है, जिसमें एक्ट्रेस का अवतार चौंकाने वाला है। फैंस क्रेजी हो गए हैं और वो तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। टीजर की शुरुआत कॉमिक स्टाइल में होती है और यह काफी इंगेजिंग है। हुमा कुरैशी इसमें एक किलर के रोल में नजर आ रही हैं और उनका अंदाज एकदम बेखौफ और धाकड़ है। इसमें हुमा कुरैशी एक हिटवुमन के रोल में हैं। टीजर में दिखाया गया है कि मुंबई में लगातार हत्याएं हो रही हैं, पर कातिल कौन है, इसका किसी को कुछ पता नहीं है। मीडिया से लेकर पुलिस खोजबीन कर रही है, पर कातिल का कहीं कोई सुराग नहीं। फिर पता चलता है कि कातिल एक महिला है, जो बोल-सुन नहीं सकती है और वो हैं हुमा कुरैशी फिल्म को नचिकेत सामंत ने डायरेक्ट किया है।



# बॉबी की फिल्म 'बंदर' पड़ी फीकी...

मुंबई। सिनेमाघरों में जब दो फिल्में एक ही दिन रिलीज हो तो बॉक्स ऑफिस कलेक्शन की तुलना अक्सर की जाती है। इसी तरह 5 जून को रिलीज हुईं दो फिल्में, अनुराग कश्यप की 'बंदर' और डेविड धवन की 'है जवानी तो इश्क होना है।' दोनों ही फिल्मों की शैली एक दूसरे से बिल्कुल अलग है। इसके बावजूद फिल्मों को उनकी ऑडियंस मिली और फिल्मों को पसंद किया गया। फिल्म की रिलीज के पहले दिन इनकी कमाई का बात करें तो 'बंदर' थोड़ी फीकी पड़ती दिखाई दे रही है। कलेक्शन के मामले में 'है जवानी तो इश्क होना है' फिल्म ने बंदर को पीछे छोड़ दिया है। रिपोर्ट के मुताबिक, डेविड धवन के निर्देशन में बनी 'है जवानी तो इश्क होना है' फिल्म 9081 शोज में चली, जिससे फिल्म का पहले दिन का नेट कलेक्शन 7.50 करोड़ रुपए रहा।

टीवी मसाला

# एकता ने स्मृति पर लुटाया प्यार..

**मुंबई।** अभिनेत्री स्मृति ईरानी और टेलीविजन की महारानी एकता कपूर ने एक बार फिर अपने प्रशंसकों को दो दशकों से अधिक पुरानी अपनी अटूट दोस्ती की झलक दिखाई है। एकता कपूर ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर



स्मृति की साझा की गई एक पोस्ट को रीशेयर किया, जिसमें स्मृति ने एकता को उनके नए व्यवसाय के लिए शुभकामनाएं दीं। स्मृति के प्यार के लिए धन्यवाद देते हुए एकता ने कहा कि स्मृति का साथ उनके लिए गर्व की बात है। अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एकता ने लिखा, मेरी तुलसी, तुम्हारा साथ मेरे लिए बहुत गर्व की बात है। साथ में उन्होंने दिल वाले इमोजी भी लगाए। स्मृति ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, आप हमेशा से ही चमकती रही हैं, एकता कपूर और आज आपने दूसरों को भी अपनी चमक बिखेरने का मौका दिया... एक और सफलता के लिए बधाई। एकता ने स्मृति को मशहूर सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' में उनके किरदार के नाम से संबोधित किया। इस शो की बात करें तो इसका निर्माण बालाजी टेलीफिल्म्स ने किया था और इसका प्रीमियर 2000 में हुआ था। 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' शो जुलाई 2000 में पहले सीजन के रिलीज होने के 25 साल बाद अगस्त 2025 में इसका दूसरा सीजन शुरू हुआ। स्मृति ईरानी तुलसी का किरदार निभा रही हैं और अमर उपाध्याय एक बार फिर मिहिर की भूमिका में नजर आ रहे हैं।

# शिल्पा का विवादित पोस्ट, कहा- 'हमेशा बोलने को तैयार, जो उखाड़ना है उखाड़ लो



**मुंबई।** अंगूरी भाभी के किरदार से घर घर में पहचान बनाने वाली एक्ट्रेस शिल्पा शिंदे इन दिनों काफी सुर्खियों में हैं। साल 2017 में उन्होंने 'भाभी जी घर पर हैं' के प्रोड्यूसर पर यौन उत्पीड़न का इल्जाम लगाया था। अब हाल ही में भारती सिंह के पॉडकास्ट पर उन्होंने कबूला कि वो इल्जाम झूठा था। ये बात सामने आते ही कई लोगों के रिएक्शन इस पर देखने मिले। सोशल मीडिया यूजर्स से लेकर एक्ट्रेस हिना खान ने भी शिल्पा शिंदे के खिलाफ अपना रिएक्शन दिया। शिल्पा शिंदे की जमकर ट्रोलिंग शुरु हो गई।

ऐसे में शिल्पा ने अपने सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट किया जिस पर लिखा था- 'हमेशा बोलने को तैयार, जो उखाड़ना है उखाड़ लो।' साथ ही बिना किसी का नाम लिए कैप्शन में लिखा- 'जलने वालों जलते रहो अपना खून किसी जरूरतमंद को मत दो, जला जलाकर खत्म कर दो।' शिल्पा शिंदे ने पॉडकास्ट में बताया कि साल 2016 में जब उन्होंने 'भाभी जी घर पर है' शो छोड़ा, तब उनका मेकर्स के साथ कॉन्ट्रेक्ट को लेकर विवाद चल रहा था। अपने पैसे लेने के लिए एक्ट्रेस मजबूर हो गईं थीं इसलिए उन्होंने प्रोड्यूसर पर यौन उत्पीड़न का झूठा इल्जाम लगाया। बाद में उन्होंने मेकर्स के साथ सेटलमेंट कर ली थी। हैरानी की बात ये है कि एक्ट्रेस ने सालों तक इस बात छिपाकर रखा और करीब 9 साल बाद इस बात खुलासा किया।

## दीया : करियर के शिखर पर लिया ब्रेक

**मुंबई।** अभिनेत्री दीया मिर्जा ने हाल ही में अपने जीवन के ऐसे दौर को याद किया, जब वह कॅरियर की ऊंचाइयों पर होने के बावजूद अंदर से खुद को अधूरा महसूस कर रही थीं। दीया ने बताया कि केवल 24 साल की उम्र में उन्होंने दो साल के लिए काम से दूरी बनाने का फैसला किया था। दीया ने कहा, मैंने जीवन का एक बड़ा हिस्सा मॉडलिंग और अभिनय



की दुनिया में बिताया, लेकिन एक समय ऐसा आया, जब मुझे अपने काम और अपने विचारों के बीच अंतर महसूस होने लगा। उन्होंने कहा, यह ब्रेक मेरे लिए सिर्फ काम से दूरी बनाने का समय नहीं था, बल्कि खुद को फिर से समझने और पहचानने की यात्रा थी। यह अपने घर लौटने जैसा अनुभव था। इस समय ने मेरी यह समझने में मदद की कि जीवन में केवल नाम, पैसा और लोकप्रियता ही सबकुछ नहीं है। असली खुशी तब मिलती है, जब इंसान अपने काम, विचारों और उद्देश्य के साथ जुड़ाव महसूस करे।

# कॉकटेल में अपने रोल को लेकर डरी हुई थीं रश्मिका



**मुंबई।** फिल्म पुष्पा की श्रीवल्ली और एनिमल की गीतांजलि जैसी भूमिकाओं से बिल्कुल अलग अभिनेत्री रश्मिका मंदाना आगामी फिल्म कॉकटेल 2 में एक ग्लैमरस और बिंदास लड़की दीया की भूमिका में नजर आएंगी। कॉकटेल में 'दीया' का रोल स्वीकार करने से पहले रश्मिका के मन में भी कई सवाल थे। इस बारे में रश्मिका कहती हैं, मैं बहुत डरी हुई थी, क्योंकि मैंने अब तक जितनी फिल्में की हैं, उनमें से इसमें मेरा लुक अब तक का सबसे ज्यादा ग्लैमरस और बिंदास है। इससे पहले कि मेरी जिस तरह की फिल्में रही हैं, उनको ध्यान में रखकर मैंने सोचा कि दर्शकों को मुझसे कुछ गंभीर या ड्रामेटिक परफार्मेंस की उम्मीद होगी। इसमें मैंने पहली बार ऐसा कुछ हल्का-फुल्का, प्यार, दोस्ती और पागलपन पर आधारित काम किया है। रश्मिका ने कहा, शुरू में मेरे मन में भी यह सवाल था कि क्या इस फिल्म के साथ आगे बढ़ना सही निर्णय होगा।


# थिएटर में चीखने-चिल्लाने की आवाजें, रिकॉर्ड तोड़ रही 'ऑब्सेशन'

*लॉस एंजेलिस। बीते कुछ सालों में रोमांस से भरपूर फिल्मों की बजाय हॉरर फिल्मों ने इंडस्ट्री में अपना दबदबा बना लिया है। हॉरर फिल्मों में भी लोगों को सिर्फ भूत प्रेत की कहानी पसंद नहीं आती बल्कि लोगों को हॉरर फिल्मों में दमदार स्टोरी के साथ ही इमोशनल और मेंटल स्ट्रेस से भरपूर फिल्मों में मजा आता है। हॉरर फिल्मों का क्रेज लोगों के मन में इतना ज्यादा बढ़ गया है कि लोग इसे बेहतर साउंड इफेक्ट्स के साथ थिएटर्स में देखना पसंद करते हैं। तो अगर आपको हॉरर फिल्में देखने का शौक है तो हम आपको एक ऐसी फिल्म के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसने पूरी दुनिया में धमाल मचा दिया है।*

## सिर्फ 9 करोड़ में बनी फिल्म, कमा डाले 1400 करोड़

### फिल्म की कहानी

यह कहानी बेयर की है, जो एक अकेला और रोमांटिक लड़का है और एक म्यूजिक स्टोर में काम करता है। वह बचपन से ही अपनी दोस्त और साथ काम करने वाली निक्की से चुपके-चुपके प्यार करता है। अपने दिल की बात कहने की एक और नाकाम कोशिश के बाद, बेयर एक क्रिस्टल की दुकान पर जाता है और 'वन विश विलो' नाम की एक अजीब चीज खरीदता है। वह एक विश मांगता है कि निक्की उसे दुनिया में किसी भी और इंसान से ज्यादा प्यार करे। उसकी यह विश काफी खतरनाक तरीके से पूरी होती है। निक्की की फीलिंग्स बेकाबू, जुनून भरी हो जाती है। उसका प्यार घुटन भरा हो जाता है। वह बेयर से दूर नहीं रह पाती। जब बेयर उससे दूर जाता है तो वह घबरा जाती है, और जैसे-जैसे उसका प्यार एक जुनून में बदलता है, वह बेहद डरावना बर्ताव करने लगती है।



**'ऑब्सेशन' की स्टोरी ने उड़ाए होश :** हम बात कर रहे हैं साल 2026 में आई धमाकेदार फिल्म ऑब्सेशन की जिसकी स्टोरी ने लोगों को होश उड़ा दिए हैं और इस फिल्म को देखकर लोग डर के मारे थर-थर कांप रहे हैं। फिल्म के अंदर कुछ ऐसे सीन डाले गए हैं, जिनके अचानक सामने आते ही किसी की भी चीख निकल जाएगी।

### 'ऑब्सेशन' का इंटरनेशनल बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन

29 मई को रिलीज हुई फिल्म 'ऑब्सेशन' के बारे में 9 से 10 करोड़ रुपए में बनी ये हॉरर फिल्म फैन्स के बीच चर्चा का विषय बनी हुई है। दुनिया भर में इस फिल्म ने 10 करोड़ डॉलर का आंकड़ा पार कर लिया है, जिससे यह इस साल की सबसे ज्यादा कमाने वाली फिल्मों में से एक बन गई है। भारत में भी, 'ऑब्सेशन' सिनेमाघरों में काफी अच्छा परफॉर्म कर रही है। 'ऑब्सेशन' इंटरनेशनल बॉक्स ऑफिस पर भी शानदार प्रदर्शन कर रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म की दुनिया भर में कुल कमाई करीब 1400 करोड़ रुपए (162 मिलियन डॉलर) हो गई है।

## खबर संक्षेप

### महिला ने संजीवनी 108 में दिया स्वस्थ शिशु को जन्म



**राजपुर।** ग्राम सेवारी की एक गर्भवती महिला ने 108 एम्बुलेंस में शिशु को जन्म दिया। समय रहते एम्बुलेंस कर्मियों की तत्परता और सूझबूझ से जच्चा और बच्चा दोनों की जान सुरक्षित बच गई। इस घटना की क्षेत्र में सराहना की जा रही है। जानकारी के अनुसार ग्राम सेवारी निवासी ननकी पति गतो पहाड़ी कोरवा (26 वर्ष) को प्रसव पीड़ा होने पर महतारी 102 वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजपुर भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने महिला की गंभीर स्थिति को देखते हुए प्राथमिक उपचार के पश्चात बेहतर इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। दोपहर 2.39 बजे महिला को संजीवनी 108 एम्बुलेंस से अंबिकापुर के लिए रवाना किया गया। जैसे ही संजीवनी 108 वाहन राजपुर से आगे हरीतिमा के पास पहुंची तभी प्रसूता की प्रसव पीड़ा काफी बढ़ गई। महिला की हालत को देख संजीवनी 108 एम्बुलेंस में तैनात इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन संतोष यादव ने वाहन को रुकवा कर बिना घबराए आवश्यक चिकित्सकीय प्रक्रिया अपनाई और सुरक्षित प्रसव कराया। टेक्नीशियन की सूझबूझ और अनुभव से महिला ने एम्बुलेंस में ही एक स्वस्थ शिशु पुत्र को जन्म दिया। प्रसव के बाद एम्बुलेंस स्टाफ ने प्रसूता और नवजात शिशु की प्राथमिक देखभाल करते हुए दोनों को सुरक्षित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई। बताया गया कि वर्तमान में जच्चा बच्चा दोनों स्वस्थ हैं। इस सफल प्रसव के बाद परिजन ने 108 एम्बुलेंस सेवा और मेडिकल टेक्नीशियन संतोष यादव की सराहना करते हुए कहा कि समय पर मिली सहायता से एक बड़ा हादसा टल गया।

### वन विभाग के खिलाफ कांग्रेस करेगी आंदोलन

**सरसीवा।** सरसीवा से लगभग 30 किलो मीटर दूर बिलाईगढ़ विधानसभा के अंतर्गत वनांचल के नाम से प्रसिद्ध, सोनाखान तहसील के वन परिक्षेत्र बार नवापारा, कोठारी, देवपुर, अर्जुनी, सोनाखान आदि कई क्षेत्र में जंगली जानवरो का भयंकर खौफ विद्यमान है। आम जन दहशत में है, सुबह शाम घर से निकलना दूभर होते जा रहा है, फिर भी वन विभाग कोई स्थाई ठोस कदम नहीं उठा रहा है। जिससे आम जन में नाराजगी व्याप्त है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सोनाखान अध्यक्ष युधिष्ठिर नायक ने मीडिया को बताया किए यहां के भोले भाले आम जन आए दिन जंगली जानवरो के शिकार हो रहे है, और मौत के मुंह में जा रहे है, पिछले दिवस ग्राम दोन्द निवासी जरहू राम की हाथी के हमले से मौत हो गई, गजराडीह निवासी देवेंद्र साहू की वनभैंसा के हमले से मौत हो गई। मुरुमडीह निवासी पंच बाई गोंड को आज हॉस्पिटल में भर्ती कराकर परिवार वालों के द्वारा इलाज कराया जा रहा है, ऐसे कई घटना हम सबके सामने घटित हे फिर भी शासन-प्रशासन वन विभाग, लापरवाही के ऊपर लापरवाही बरत रहा हैए कोई स्थाई ठोस कदम नहीं उठा रही है, जिससे आम जन दहशत में है, परेशान है, नाराज है।

जान जोखिम में डाल करते हैं आवागमन

# पुलिया के क्षतिग्रस्त होने से बढ़ी ग्रामीणों की परेशानी, बरसात में पुलिया के बहने का खतरा

**शिकायत के बाद भी आज तक नहीं हुई मरम्मत**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजनगर

ग्राम पंचायत शिवपुर स्थित पुलिया के क्षतिग्रस्त हो जाने से क्षेत्र के लोगों की परेशानी काफी बढ़ गई है। हैरानी की बात तो यह है कि पुलिया बने लगभग 35 से 40 साल हो गए लेकिन पुलिया की मरम्मत नहीं हो सकी। ऐसे मे देख रेख के अभाव में कुछ माह पूर्व ही पुलिया क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिया की हालत ऐसी है कि चार पहिया गुजरना मुश्किल हो गया है। ऐसा नहीं है कि क्षेत्र के लोगों ने जनप्रतिनिधि समेत प्रशासन से पुलिया की मरम्मत किए जाने की मांग नहीं की है। बावजूद इसके लिए पुलिया की मरम्मत के लिए किसी प्रकार की पहल नहीं की गई जिससे क्षेत्र के ग्रामीण जान जोखिम में डाल क्षतिग्रस्त पुलिया से आवागमन करने को मजबूर है जिससे हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है।

जनपद पंचायत रामानुजनगर क्षेत्र के ग्राम पंचायत शिवपुर तालाब के समीप मदनेश्वरपुर मार्ग पर लगभग 35 से 40 साल पूर्व पुलिया का निर्माण किया गया। पुलिया निर्माण होने से ग्राम पंचायत शिवपुर के अलावा आसपास के 3 से 4 ग्राम पंचायत के लोगों के लिए आवागमन के लिए बेहतर सुविधा उपलब्ध हो गई और हर रोज मार्ग से बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोग आवागमन करते है लेकिन देख रेख के अभाव में पुलिया की हालत दयनीय होने लगी। कुछ माह पूर्व ही पुलिया के दोनों किनारे क्षतिग्रस्त होकर धंस गई। पुलिया के बीच का लगभग तीन फीट जगह के बचे होने से उसी से पैदल पार करने को मजबूर है। क्षेत्र के ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम पंचायत भवन के अलावा राशन दुकान और स्कूल जाने के लिए पुलिया शॉर्टकट मार्ग है लेकिन पुलिया के क्षतिग्रस्त हो जाने के कारण क्षेत्र के लोगों को मुख्य मार्ग तक जाने के लिए अतिरिक्त दूरी तय करना पड़ता है। इसके अलावा पुलिया मार्ग से गुजरना काफी खतरनाक हो गया है। दिन के समय पैदल व बाइक सवार किसी तरह पुलिया पार कर लेते है लेकिन रात के समय अगर गांव में कोई बीमार या गर्भवती माता को प्रसव पीड़ा हुई तो उसे स्वास्थ्य केन्द्र तक ले जाने के लिए परिजन को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। बरसात के मौसम में पुलिया से गुजरना जान जोखिम में डालने के बराबर है। ग्रामीणों का कहना है कि पुलिया मरम्मत किए जाने की मांग कई बार की गई।



क्षतिग्रस्त पुलिया।

### गांव तक नहीं पहुंच पाती एंबुलेंस

क्षेत्र के ग्रामीणों का कहना है कि गांव तक आने- जाने का एक मात्र मार्ग है परंतु पुलिया के क्षतिग्रस्त हो जाने से एंबुलेंस गांव तक नहीं पहुंच पाती। ऐसे में गांव में कोई बीमार हुआ या किसी गर्भवती माता को प्रसव पीड़ा हुआ तो उसे पुलिया पार कराने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ती है। वर्तमान में किसी तरह पुलिया को पार कर लेते है लेकिन जैसे ही बरसात शुरू हुई तो पुलिया को पार करना मुश्किल हो जाएगा।

### स्कूली बच्चों को होगी परेशानी

ग्रामीणों का कहना है कि स्कूल की छुट्टी समाप्त होने में कुछ दिन शेष है। स्कूल खुलने के बाद ग्राम पंचायत के बड़ी संख्या में बच्चे पुलिया को पार कर पढाई करने स्कूल जाते है। वहीं कुछ दिनों बाद बरसात का मौसम शुरू हो जाएगी। ऐसे में बरसात के मौसम में बच्चों के लिए क्षतिग्रस्त पुलिया को पार करना मुश्किल हो जाएगा। अगर बच्चे पुलिया के मार्ग से आवागमन करते है तो किसी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

### पुलिया मरम्मत कराने मांग

सोशल वर्कर विशाल दुबे सहित क्षेत्र के ग्रामीणों ने पुलिया के क्षतिग्रस्त हो जाने पर मरम्मत कराने की मांग की है। पिछले माह ही ग्राम पंचायत शिवपुर में आयोजित सुशासन तिहार शिविर में विशाल दुबे सहित ग्रामीणों ने पुलिया की समस्या को लेकर शिकायत की। सोशल वर्कर विशाल दुबे ने बताया कि सुशासन तिहार शिविर में आवेदन दिया गया था लेकिन अधिकारियों ने आवेदन निराकरण बताकर खानापूर्ति कर दिया गया। जिस पर कलेक्टर से मुलाकात कर क्षतिग्रस्त पुलिया को बरसात से पूर्व बनवाने के लिए आवेदन दिया गया है। कलेक्टर ने भी एसडीएम को त्वरित निराकरण करने निर्देशित की है। इधर शिकायत पर जनपद पंचायत के कार्यक्रम अधिकारी द्वारा शिकायत पोर्टल में एन्ट्री करने तथा पुलिया निर्माण की स्वीकृति के लिए प्रकरण प्रेषित करने की बात कही। ग्रामीणों का कहना है कि यदि बरसात से पूर्व पुलिया की मरम्मत नहीं हुई तो आने वाले दिनों में उग्र आंदोलन किया जाएगा।

### मिली है शिकायत

सुशासन तिहार शिविर के माध्यम से क्षतिग्रस्त पुलिया की मरम्मत कराने के संबंध में शिकायत मिली है। जनपद सीईओ को तत्काल बनवाने बोला गया है। मै भी मौके पर जाकर निरीक्षण करूंगा।

-अजय मोड़ीयम
एसडीएम रामानुजनगर

## जागृति महिला समिति द्वारा पर्यावरण संरक्षण पर विविध कार्यक्रम



**मनेन्द्रगढ़।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जागृति महिला समिति द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं जन-जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन गतिविधियों के माध्यम से पर्यावरण के प्रति सामाजिक उत्तरदायित्व एवं जागरूकता का प्रभावी संदेश दिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ केन्द्रीय विद्यालय झगराखाण्ड में आयोजित जन-जागरूकता रैली से हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि हसदेव क्षेत्र के महाप्रबंधक मनोज बिश्नोई द्वारा हरीझंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। समिति की अध्यक्षा डॉ. सरोज बाला बिश्नोई के नेतृत्व में समिति की सदस्याओं ने विद्यालय के विद्यार्थियों के साथ रैली में सहभागिता करते हुए पर्यावरण संरक्षण के महत्व को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया।

इस अवसर पर विद्यार्थियों को पर्यावरण के प्रति संवेदनशील एवं जागरूक बनने की प्रेरणा दी गई। रैली के उपरांत पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें समिति की सदस्याओं एवं विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। कार्यक्रम के दौरान अधिकाधिक वृक्ष लगाने एवं उनके संरक्षण का संकल्प भी लिया गया। इसके पश्चात समिति की सदस्याएं जीएम ऑफिस, हसदेव पहुंची, जहां आरके वीवी स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा पर्यावरण संरक्षण विषय पर प्रस्तुत प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक का अवलोकन किया। विद्यार्थियों की प्रस्तुति ने उपस्थित जनसमूह को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम के समापन अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जागृति महिला समिति ने पर्यावरण संरक्षण को जन-आंदोलन का स्वरूप देने तथा समाज के प्रत्येक वर्ग को इस दिशा में सक्रिय सहभागिता के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित इन कार्यक्रमों ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ समाज में सकारात्मक एवं प्रेरणादायी संदेश दिया। विश्व पर्यावरण दिवस पर केन्द्रीय विद्यालय, लेदरी में जागरूकता रैली एवं नाटक मंचन कार्यक्रम का आयोजन विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर श्रद्धा महिला मंडल, बिलासपुर के मार्गदर्शन में जागृति महिला समिति, हसदेव क्षेत्र द्वारा केन्द्रीय विद्यालय लेदरी के विद्यार्थियों के साथ पर्यावरण संरक्षण एवं जन-जागरूकता के लिए जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जागृति महिला समिति हसदेव क्षेत्र इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों तथा समिति की सदस्याओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश जन-जन तक पहुंचाया।

## चैनपुर प्रवेश मार्ग पर महीनों से बंद स्ट्रीट लाइट

**मनेन्द्रगढ़।** राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 पर स्थित चैनपुर नगर में प्रवेश करते समय मुख्य मार्ग पर लगे बिजली के खंभों की स्ट्रीट लाइटें पिछले कई महीनों से बंद पड़ी हुई हैं। इस समस्या के कारण शाम ढलते ही पूरे मार्ग पर अंधेरा छा जाता है, जिससे वाहन चालकों, राहगीरों और स्थानीय निवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। राष्ट्रीय राजमार्ग होने के कारण इस मार्ग पर दिन-रात भारी वाहनों सहित सैकड़ों छोटे-बड़े वाहनों का आवागमन बना रहता है। रात के समय पर्याप्त रोशनी नहीं होने से सड़क पर चलने वाले वाहन चालकों को रास्ता स्पष्ट दिखाई नहीं देता, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका लगातार बनी रहती है। विशेष रूप से बरसात और कोहरे के मौसम में यह समस्या और भी गंभीर रूप धारण कर सकती है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि कई बार संबंधित विभाग का ध्यान इस ओर आकर्षित कराया जा चुका है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। लंबे समय से बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों के कारण क्षेत्र में असुरक्षा का माहौल भी बन रहा है। अंधेरे का फायदा उठाकर असामाजिक तत्वों की गतिविधियां बढ़ने की आशंका से भी लोग चिंतित हैं। रोजाना इस मार्ग से गुजरने वाले पैदल राहगीरों, विद्यार्थियों और व्यापारियों को सबसे अधिक परेशानी उठानी पड़ रही है। शाम के समय बाजार से लौटने वाले लोगों को अंधेरे में आवागमन करना पड़ता है, जिससे उन्हें दुर्घटना और अन्य जोखिमों का सामना करना पड़ सकता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि जल्द ही स्ट्रीट लाइटों को चालू नहीं कराया गया तो किसी बड़ी दुर्घटना से इनकार नहीं किया जा सकता। क्षेत्रवासियों ने संबंधित विभाग एवं प्रशासन से मांग की है कि जनहित को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग 43 पर चैनपुर प्रवेश मार्ग में लगी सभी बंद स्ट्रीट लाइटों की तत्काल मरम्मत कर उन्हें चालू कराया जाए। उनका कहना है कि यह केवल सुविधा का विषय नहीं बल्कि आम नागरिकों की सुरक्षा से जुड़ा महत्वपूर्ण मुद्दा है।

## प्रदेश स्तरीय जनपद पंचायत अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष संघ की हुई बैठक



**राजपुर।** प्रदेश स्तरीय जनपद पंचायत अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष संघ की बैठक शुक्रवार को रायपुर स्थित विमतारा सभागार में आयोजित की गई। बैठक में प्रदेशभर से बड़ी संख्या में जनपद पंचायत अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष शामिल हुए। जनपद पंचायत राजपुर के अध्यक्ष विनय भगत, शंकरगढ़ जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती चिंतामणि भगत तथा वाड्रफनगर जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शशि सिंह पोर्ते ने सहभागिता की। बैठक में जनपद पंचायतों के संचालन एवं ग्रामीण विकास कार्यों के दौरान आने वाली विभिन्न समस्याओं और चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की गई। जनप्रतिनिधियों ने जनपद पंचायतों के अधिकारों, विकास कार्यों की स्वीकृति, वित्तीय प्रबंधन, प्रशासनिक समन्वय तथा ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों को प्रमुखता से उठाया। विभिन्न जिलों से आए अध्यक्ष एवं उपाध्यक्षों ने अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याओं, अनुभवों एवं सुझावों को साझा करते हुए उनके समाधान के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर जोर दिया। बैठक में पंचायत प्रतिनिधियों की भूमिका को और अधिक प्रभावी बनाने तथा ग्रामीण विकास को गति देने के उपायों पर भी विचार-विमर्श किया गया।

बैठक का सबसे महत्वपूर्ण निर्णय आगामी दिनों में प्रदेश स्तरीय जनपद पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सभी जनपद पंचायत सदस्यों का विशाल सम्मेलन आयोजित करने का रहा। इस प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पारित किया गया। सम्मेलन के माध्यम से पंचायत प्रतिनिधियों की समस्याओं, अधिकारों एवं जनहित से जुड़े मुद्दों को एक साझा मंच पर उठाने की रणनीति बनाई गई। इसके अलावा पंचायत प्रतिनिधियों के हितों की रक्षा उनके संवैधानिक अधिकारों को मजबूत बनाने, प्रशिक्षण कार्यक्रमों के संचालन, विकास योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन तथा शासन-प्रशासन के साथ समन्वय बढ़ाने संबंधी कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर सहमति बनी।

## भरतपुर में सरपंचों को मिला पंचायत विकास योजना का विशेष प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़



राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के अंतर्गत जनपद पंचायत भरतपुर के सभा कक्ष में पंचायत विकास योजना विषय पर सरपंचों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में विकासखंड की विभिन्न ग्राम पंचायतों के सरपंचों ने सहभागिता करते हुए ग्राम पंचायतों के समग्र, सहभागी एवं योजनाबद्ध विकास से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं।

प्रशिक्षण के दौरान सहायक विकास विस्तार अधिकारी एवं प्रभारी मास्टर ट्रेनर ऋषि कुमार सिंह ने पंचायत विकास योजना तैयार करने की प्रक्रिया, ग्राम सभा की भूमिका, स्थानीय आवश्यकताओं के समावेश, विभागीय समन्वय तथा पंचायत विकास योजना पोर्टल में जानकारी दर्ज करने की विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतों के विकास की वास्तविक आधारशिला ग्राम सभा है, जहां स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप योजनाओं का चयन कर उनका प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सकता है। कार्यक्रम में सरपंचों को ग्राम स्तर पर जनभागीदारी बढ़ाने, विकास कार्यों की प्राथमिकता तय करने तथा शासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए पंचायतों के सतत एवं समावेशी विकास पर विशेष बल दिया गया। उत्साहपूर्ण सहभागिता के साथ संपन्न हुए इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य पंचायत प्रतिनिधियों की क्षमता वृद्धि करना तथा पंचायत विकास योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के माध्यम से ग्रामीण विकास को नई गति प्रदान करना रहा।

### दुकान की आड़ में बेच रहे थे गांजा, चढ़े पुलिस के हत्थे

**अम्बिकापुर।** शहर में गांजा का अवैध कारोबार थमने का नाम नहीं ले रहा है। शहर के कई वार्ड में गांजा का अवैध कारोबार लंबे समय से चल रहा है बावजूद इसके आज तक कारोबारियों पर पुलिस अंकुश लगाने नाकाम रही। हाल ही में जयनगर थाना क्षेत्र में यात्री बस में गांजा तस्करी कर रहे लोगों को पुलिस ने पकड़ा जिसके बाद सरगुजा की पुलिस भी सक्रिय हो गई है।

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी नागपुर, जिला-एम.सी.बी. (छ.ग.)**
**ईश्तहार**
सर्व साधारण ग्राम मोरगा तहसील मनेन्द्रगढ़, जिला- मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (छ.ग.) को सूचनार्थ एवं प्रकाशन किया जाता है कि आवेदक ओमप्रकाश आ. कौलेश्वर निवासी मोरगा द्वारा अपने/अपनी ससुर (संबंध) बुद्धू (नाम) जिसका मृत्यु दिनांक 09/05/2004 को स्थान मोरगा में होना बताकर मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु आवेदन इस कार्यालय में प्रस्तुत किया है। इस संबंध में किसी को कोई आपत्ति है तो दिनांक 08/06/26 तक इस न्यायालय में दावा आपत्ति पेश कर सकता है। निर्धारित तिथि के बाद कोई भी दावा आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।
मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा के साथ आज दिनांक 14/05/26 को जारी किया गया।
कार्यपालिक दण्डाधिकारी
नागपुर जिला-एम.सीबी (छ.ग.)

**न्यायालय कार्यालय दण्डाधिकारी बैकुण्ठपुर जिला कोरिया छ.ग.**
**// ईश्तहार//**
क्रमांक Q/ वाचक-2/तह./2022
बैकुण्ठपुर दिनांक 21/5/2026
एतद द्वारा सर्व साधारण एवं ग्रामवासी/नगरवासी ग्राम सलका की आम जनता को ईश्तहार के जरिए सूचित किया जाता है कि आवेदक/ आवेदिका ध्यान सिंह पिता विश्व नाथ जाति गोड़ निवासी सलका तहसील बैकुण्ठपुर जिला कोरिया के द्वारा स्व. राम भरोष निवासी सलका का मृत्यु दिनांक 12/11/2009 को होने के कारण जन्म/मृत्यु प्रभाण पत्र बनवाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।
आवेदक, आवेदिका द्वारा प्रस्तुत उक्त मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने पर जिस किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अभिभावक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में दिनांक 19/06/2026 को 11:00 बजे तक आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई सुनवाई नहीं होगी।
आज दिनांक 21/05/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा अंकित कर जारी किया गया।
कार्यालय दण्डाधिकारी बैकुण्ठपुर
जिला कोरिया छ.ग.

## ग्राम सभा में ठोस कचरा प्रबंधन जल संरक्षण और स्वच्छता पर जोर

राजपुर। जनपद पंचायत राजपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत झींगों में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। ग्राम सभा में ग्रामीणों को ठोस कचरा अपशिष्ट प्रबंधन, स्वच्छता, जल संरक्षण एवं ग्रामीण विकास से जुड़े विभिन्न विषयों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी संजय दुबे ने ग्रामीणों को ठोस कचरा प्रबंधन के महत्व से अवगत कराते हुए बताया कि गांव में चार प्रकार के कचरे का पृथक्करण कर उसका समुचित निपटान किया जाना आवश्यक है। उन्होंने कचरा संग्रहण कार्य के लिए नियुक्त स्वेच्छा ग्राहियों द्वारा यूजर चार्ज लिए जाने की जानकारी दी, जिस पर ग्राम वासियों ने सहमति जताई। ग्राम सभा में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत मकान निर्माण की प्रगति, मिस्त्रियों एवं निर्माण सामग्री की उपलब्धता को लेकर भी चर्चा की गई। इसके अलावा पेयजल संकट और भूजल स्तर में सुधार के लिए 5 प्रतिशत मॉड्यूल अपनाने पर ग्रामीणों से विचार-विमर्श किया गया, जिस पर ग्रामीणों ने सहमति व्यक्त की। इस अवसर पर ग्रामीणों को स्वच्छता, नशा मुक्ति, जल संरक्षण एवं जल संवर्धन की शपथ दिलाई गई। साथ ही गांव में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से स्वच्छता रैली का आयोजन किया गया। रैली में महिलाओं, युवाओं और ग्रामीणों ने भाग लेकर स्वच्छ एवं स्वस्थ गांव बनाने का संदेश दिया। इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी संजय दुबे, कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा मान साय सिदार, सिमोन खेस, ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव, एनआरएलएम की टीम तथा बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## पृष्ठ 1 का शेष

### गैस सिलेंडर की...

नहीं कर पा रहे थे। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी आनंद सोनी के नेतृत्व में पुलिस टीम क्षेत्रीय चिकित्सालय पहुंची। एएसआई महानंदी, प्रधान आरक्षक अमित त्रिपाठी एवं शशिभूषण ने जांच प्रारंभ की। शव को मोर्चरी में सुरक्षित रखा गया। रविवार सुबह जिला मुख्यालय से पहुंची फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया, हालांकि प्रारंभिक जांच में आग लगने के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। इस दर्दनाक हादसे ने न केवल एसईसीएल परिवार बल्कि पूरे चरचा क्षेत्र को गहरे सदमे में डाल दिया है। सभी की निगाहें अब पुलिस और फोरेंसिक जांच रिपोर्ट पर टिकी हैं, जो इस रहस्यमयी घटना के पीछे की वास्तविक वजह उजागर कर सकती है।

### 4 चोरी मामले...

पुलिस ने मामले में कुल 18 नग एसी के कॉपर पाइप बरामद कर शत-प्रतिशत माल जब्ती की कार्रवाई की है। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है। इधर थाना सोनहत पुलिस ने भी मुखबीर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए आरोपी बृज कपूर निवासी ग्राम अंगवाही की निशानदेही पर ग्राम केशगवां के जंगल से चोरी की 6 मोटरसाइकिल बरामद की है। मामले के खुलासे में थाना प्रभारी सिटी कोतवाली राजेश तिवारी, थाना प्रभारी चरचा उप निरीक्षक आनंद सोनी, उप निरीक्षक अनिल सोनवानी, साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक विनोद पासवान, शैलेन्द्र त्रिपाठी, अनिल पाण्डेय, दीपक पाण्डेय, ओमप्रकाश राजवाड़े, नवीन साहू, बृजेश सिंह, अरविंद कौल, समीर जायसवाल, सजल जायसवाल, अमल कुजूर, दीपक आर्मो, राजेश कुमार, दिनेश उईके, जैनेन्द्र सिंह, मनोज सुरहरे एवं विकास सिंह सहित पुलिस टीम का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### विद्युत की समस्या...

ट्रांसफार्मर क्षेत्र के विद्युत भार को संभालने में सक्षम नहीं है, इसके बाद तत्काल अधिक क्षमता वाला ट्रांसफार्मर स्थापित करने का निर्णय लिया गया और देर शाम तक ट्रांसफार्मर बदलने का कार्य पूरा कर लिया गया। क्षेत्र के नागरिकों ने उपाध्यक्ष राजेश सिंह और विद्युत विभाग की त्वरित कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा कि लंबे समय से चली आ रही समस्या का समाधान होने से लोगों को राहत मिलेगी। स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि लगातार बिजली बाधित होने से उनके व्यवसाय प्रभावित हो रहे थे, जबकि बैंक आने वाले ग्राहकों को भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था।

### साइकिल के पहियों...

गतिविधियों की कमी अनेक स्वास्थ्य समस्याओं को जन्म दे रही है। ऐसे में साइकिल चलाना, पैदल चलना और नियमित व्यायाम अपनाना समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि कोरिया जिला अपनी प्राकृतिक सुंदरता और हरित परिवेश के लिए जाना जाता है तथा इस प्राकृतिक धरोहर का संरक्षण हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। कलेक्टर ने कहा कि छोटी दूरी की यात्रा के लिए साइकिल का उपयोग न केवल स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने नागरिकों से अपने दैनिक जीवन में शारीरिक गतिविधियों को शामिल करने का आह्वान करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन केवल एक दिन तक सीमित न रहकर जनआंदोलन का स्वरूप लें। उन्होंने साइकिल उपयोग को बढ़ावा देने के लिए नीदरलैंड का उदाहरण भी प्रस्तुत किया। श्रीमती यादव ने पेट्रोल और डीजल पर बढ़ती निर्भरता को कम करने तथा प्रदूषण नियंत्रण के लिए समय-समय पर नो व्हीकल डे जैसी पहलों को अपनाने की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि यदि नागरिक छोटी दूरी के लिए साइकिल अथवा पैदल चलने की आदत विकसित करें तो ईंधन की बचत के साथ-साथ बेहतर स्वास्थ्य भी सुनिश्चित किया जा सकता है। जुम्बा से हुई शुरूआत- कार्यक्रम की शुरूआत ऊर्जावान जुम्बा सत्र से हुई, जिसमें प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसके पश्चात कुमार चौक से भव्य साइकिल रैली का शुभारंभ किया गया। कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव, प्रभारी पुलिस अधीक्षक श्रीमती सुरेशा चौबे एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया।

### कलेक्टर ने साइकिल...

किया गया। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण पर्यावरण संरक्षण के लिए समर्पित साइक्लिस्ट एवं निर्वाचन पर्यवेक्षक सतीश द्विवेदी रहे। उनकी प्रेरणादायी यात्रा और उपलब्धियों ने उपस्थित लोगों को विशेष रूप से प्रभावित किया। वर्ष 1997 से अब तक लगभग 25 हजार किमी साइक्लिंग कर चुके सतीश द्विवेदी ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश जन-जन तक पहुंचाया है। वर्ष 1997 में उन्होंने अपने साथियों के साथ मनेन्द्रगढ़ से नेपाल की राजधानी काठमांडू तक लगभग 1100 किमी की ऐतिहासिक साइकिल यात्रा सफलतापूर्वक पूरी की थी। उन्होंने अब तक करीब 450 स्कूलों, महाविद्यालयों एवं संस्थानों में पर्यावरण संरक्षण विषय पर प्रेरक व्याख्यान दिए हैं। उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए वर्ष 2022 में उनका नाम इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज किया गया, उन्हें वर्ष 2025 में स्वामी विवेकानंद स्पिरिट अवॉर्ड तथा वर्ष 2026 में राष्टीय उत्कृष्ट भारत प्रेरणा सम्मान से सम्मानित किया जा चुका है। उनकी चर्चित पुस्तक साइकिल से हिमालय संस्मरण भी प्रकाशित हो चुकी है।

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेंटर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग
त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग
मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग
किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड
अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग
मल द्वार रोग विशेषज्ञ